नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## हिंदी विश्वविद्यालय में वर्धावासियों के लिए योग प्रतियोगिता

वर्धा, दि. 27 अप्रैल 2018 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा में 2 मई 2018 को योग-प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने बताया कि इस संबंध में मानव विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार इस प्रतियोगिता में वर्धा शहर और उसके आस-पास के क्षेत्रों के सभी निवासी भाग ले सकते हैं।

ज्ञातव्य हो कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिश्र के विशेष प्रयासों से महिला छात्रावास में योग की कक्षाएं चलायी गयी हैं और योग एवं स्वास्थ्य अध्ययन में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संचालन भी किया जा रहा है। शिक्षा विभाग में अनुदेषक के पद पर कार्यरत महिला योग शिविर की संयोजिका नीतू सिंह ने बताया कि 2 मई को सुबह 6:30 बजे सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास में निःशुल्क महिला योग शिविर का संचालन किया जाएगा, जिसमें रोग विशेष से संबन्धित यौगिक परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। उसके उपरांत 8 बजे से विशेष योगासन प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन में किया जाएगा; जिसमें बच्चे, युवा विद्यार्थी, कर्मचारी, शिक्षक और आम नागरिक भाग ले सकते हैं। योग प्रतियोगिता के संयोजक ऋषभ कुमार मिश्र के अनुसार इसके अतिरिक्त इसी दिन निबंध प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए सभी आयु-समूहों के लोग अपनी प्रविष्टियाँ मनोविज्ञान विभाग के कार्यालय में जमा कर सकते हैं या yogapratiyogita@gmail.com पर भी निबंध भेज सकते हैं।

सभी प्रतियोगिताओं में विभिन्न आयु वर्गों एवं व्यवसाय समूहों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे।

---

## हिंदी विश्वविद्यालयात वर्धेकरांकरिता योग प्रशिक्षण स्पर्धांचे आयोजन

वर्धा, दि. 27 एप्रिल 2018 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा येथे 2 मे रोजी विविध योग स्पर्धांचे आयोजन करण्यात येत आहे. विश्वविद्यालयाचे कुलगुरू प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांनी दिलेल्या माहितीनुसार मानव विकास मंत्रालय आणि विश्वविद्यालय अनुदान आयोगाकडून प्राप्त निर्देशानुसार या स्पर्धांमध्ये वर्धा शहर, आसपासच्या परिसरातील नागरिक सहभागी होवू शकतात.

विश्वविद्यालयाचे कुलगुरू प्रो. मिश्र यांच्या प्रयत्नांमुळे विश्वविद्यालयातील सावित्रीबाई फुले महिला वसतिगृहात योग प्रशिक्षण केंद्र चालू करण्यात आले असून योग व स्वास्थ्य अध्ययनात एक वर्षांचा डिप्लोमा सुरू

करण्यात आला आहे.  योग दिनाच्या आधी 2 मे रोजी सकाळी 6:30 वाजता सावित्रीबाई फुले महिला वसतिगृहात निःशुल्क महिला योग शिविर घेण्यात येणार आहे. 8 वाजता विशेष योगासन प्रदर्शन स्पर्धा श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवनात घेण्यात येतील. यात लहान मुले, युवा विद्यार्थी, कर्मचारी, शिक्षक आणि नागरिक भाग घेवू शकतात. याशिवाय निबंध आणि व पोस्टर स्पर्धाही घेण्यात येतील. स्पर्धेत भाग घेण्यासाठी मनोविज्ञान विभागाच्या कार्यालयात संपर्क करू शकतात किंवा yogapratiyogita@gmail.com या मेलवर  निबंध पाठवू शकतात अशी माहिती ऋषभ मिश्र आणि नीतू सिंह यांनी दिली सर्व स्पर्धांमध्ये पहिला, दूसरा आणि तिसरा पुरस्कार असे पुरस्कार देण्यात येतील.